
# रामनगर से कच्ची दरगाह के बीच सिक्सलेन ग्रीनफील्ड कारिडोर

## निर्माण को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने दी मंजूरी

**1,082.85**

**करोड़ रुपये की मिली स्वीकृति**

**रामनगर से कच्ची दरगाह छह लेन ग्रीनफील्ड कारिडोर आमस-दरभंगा राजमार्ग के हिस्से के रूप में है**



**राज्य ब्यूरो, जागरण • पटना:** पटना में रामनगर से कच्ची दरगाह के बीच सिक्सलेन के ग्रीनफील्ड कारिडोर के निर्माण को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपनी मंजूरी दे दी है। इसके निर्माण के लिए 1082.85 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने खुद ट्वीट कर इस प्रोजेक्ट की मंजूरी के बारे में जानकारी दी। रामनगर से कच्ची दरगाह छह लेन ग्रीनफील्ड कारिडोर आमस-दरभंगा राजमार्ग के हिस्से के रूप में है। आमस-दरभंगा परियोजना दो आर्थिक कारिडोर राष्ट्रीय उच्च मार्ग एनएच-19 और एनएच-57 के बीच सीधी संपर्कता प्रदान करेगा। इससे पश्चिम बंगाल, झारखंड एवं उत्तर पूर्व राज्यों की संपर्कता में भी सुधार होगा। नितिन गडकरी ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा कि इस प्रोजेक्ट से देश के पूर्वी हिस्से में लंबे मार्ग के यातायात और माल ढुलाई में सुधार करने में भी मदद मिलेगी। बिहार के एक अन्य प्रोजेक्ट को भी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपनी अनुमति प्रदान की है। किशनगंज जिले में एनएच-27 तथा एनएच-327 ई को जोड़ने के लिए स्पर निर्माण योजना को मंजूरी दी गयी है। स्पर का निर्माण किशनगंज-बहादुरगंज के बीच फोरलेन में होगा। इसकी लंबाई 24.849 किमी है। इसके लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 1117.01 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस संबंध में जानकारी दी गई कि यह परियोजना आर्थिक कारिडोर के रूप में है। यह सड़क विभिन्न शहरों से होते हुए सिलीगुड़ी हवाई अड्डे तक की संपर्कता को भी सहज करेगी। यात्रा के समय में भी कमी आएगी।